राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

Rashtriya Swayamsevak Sangh

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा - कर्णावती

Akhil Bharatiya Pratinidhi Sabha - Karnavati

युगाब्द: 5123
फाल्गुन शुक्ल 9-10
11-13 मार्च, 2022

Yagabda: 5123
Falgun Shukla 9-10
11-13 March, 2022

वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22

Annual Report 2021-22

मा. सरकार्यवाह
श्री दत्तात्रेय होसबाले
द्वारा प्रस्तुत

Presented by
Ma. Sarkaryawah
Shri Dattatreya Hosabale

कृपया 11 मार्च, 2022 से पूर्व प्रकाशित न करें

हिन्दु धर्म आचार्य सभा के परम श्रद्धेय संतो के साथ पू. सरसंघचालक जी

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा - कर्णावती

वार्षिक प्रतिवेदन : 2021-22

अनुक्रम

कार्यस्थिति / Status of Work | 02

परम पूजनीय सरसंघचालकजी का प्रवास | 04

माननीय सरकार्यवाहजी का प्रवास | 05

कार्य विभागों के बढ़ते चरण | 06

प्रभावी होती गतिविधियाँ | 08

प्रान्तों के विशेष कार्यक्रम | 11

राष्ट्रीय परिदृश्य | 19

English Report | 22-40

हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि
जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है
और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त
करने के लिए हम कितना काम कर रहे हैं?
जिस गति से तथा जिस प्रमाण से हम अपने
कार्य को आगे बढा रहे हैं, क्या वह गति या
प्रमाण हमारी कार्य सिद्धि के लिए पर्याप्त है?

– प. पू. डॉ. हेडगेवार

कार्यस्थिति / Status of work



प्रस्तावना

परम पूजनीय सरसंघचालक जी, सभी माननीय अखिल भारतीय पदाधिकारी, अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य गण, केंद्रीय प्रतिनिधि बंधु, यहाँ उपस्थित क्षेत्रों तथा प्रान्तों के माननीय संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक तथा टोली के अन्य सदस्य, क्षेत्र तथा प्रान्त कार्यकारी मंडल के कार्यकर्ता वृंद, निमंत्रित बंधु भगिनी, आप सभी महानुभावों का गुजरात के पिराणा में स्थित प्रेरणा पीठ के इस रमणीय परिसर में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है।

विगत दो वर्षों में भारत सहित समूचे विश्व ने एक विकट परिस्थिति का सामना किया। कोविड-19 महामारी के इस वैश्विक चुनौती काल में मानव समुदाय को कई प्रकार के संकटों को झेलना पड़ा। भारत में तीसरी लहर की गंभीरता और उसका आघात अपेक्षाकृत कम प्रभावी रहने से कुछ राहत अवश्य मिली। अब परिस्थिति में सुधार की आशा जगी है। जन-जीवन धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में पहुँचने का अनुभव हो रहा है। इसी कारण गत दो वर्षों की तुलना में इस प्रतिनिधि सभा में हम इतनी बड़ी संख्या में अधिकतम कार्यकर्ता एकत्र हुए हैं, यह अतीव आनंद की बात है। सभी सहमत हैं कि परिस्थिति पूर्ववत लगने पर भी हम को महामारी के संदर्भ में आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए।

गत एक वर्ष में अपने संगठनात्मक कार्य, उत्सवों के आयोजन, कार्यकर्ता प्रशिक्षण जैसे विभिन्न आयामों में कोरोना पूर्व की भांति गति एवं उत्साह दिखाई दिया। परिणामस्वरुप कार्य में वृद्धि का भी संकेत मिला है। प्रगति के उस चित्र की कुछ विशेष बातों का उल्लेख इस प्रतिवेदन में करने का प्रयास किया है।

अत्यंत दुःखद है कि पिछले दिनों राष्ट्र जीवन में, समाज में तथा अपने संगठन में महत्वपूर्ण योगदान दिए कई महानुभावों का, सेना - सुरक्षा कर्मीयों का एवं अपने सहयोगियों का आयु, अस्वस्थता अथवा दुर्घटना जैसे विविध कारणों से देहावसान हो गया। हम से बिछुड़ गये ऐसे व्यक्तियों की पुण्य स्मृति में हम श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं।

पूजनीय सरसंघचालकजी का प्रवास

परम पावन दलाई लामाजी के साथ

वर्ष 2021 - 22 के प्रवास में 21 प्रान्तों के प्रवास दरम्यान संगठन श्रेणी, जागरण श्रेणी, प्रान्त टोली और सभी प्रचारक बंधुओं के साथ बैठक संपन्न हुई। साथ ही स्थानिक कार्यक्रम की योजना मे 15 प्रान्तों में प्रबुद्धजन गोष्ठी का आयोजन हुआ। जम्मू में प्रबुद्धजनों के सामने वर्तमान परिस्थिति में हमारी भूमिका विषय पर मार्गदर्शन हुआ। लगभग 700 संख्या उपस्थित रही। धर्मशाला में पूर्व सैनिक बंधुओं का एकत्रीकरण हुआ। 562 पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

देश के प्रमुख 7 शहरों में — 1) आर्थिक चिंतन 2) हिंदू चिंतन एवम् दृष्टी 3) प्रकृती, पर्यावरण 4) महिला, जीवन मूल्य संरक्षण इन विषयों पर भाषण के कार्यक्रम हुए।

प्रवास योजना में पुरी के शंकराचार्य पूज्य निश्चलानंद सरस्वती जी, सूरत के पू. गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री. विजय अभयदेव सुरीश्वर महाराज एवं परम पावन दलाई लामा जी से आशिर्वाद प्राप्त हुए।

भाग्यनगर स्थित श्री रामानुजाचार्य की मूर्ति प्रतिष्ठापना निमित्त आयोजित संत सभा में सहभागी हुए।

संगीत क्षेत्र के उस्ताद अमजद अली खान और बाड़मेर, राजस्थान के गायक पद्मश्री अनवर खान जी, ओडिशा के प्रख्यात शिक्षाशास्त्री श्री रजत कर जी, प्रसिद्ध बालुका शिल्पी श्री सुदर्शन पट्टनायक जी से मिलना हुआ।

गोवर्धनपीठ पूरी के पू. शंकराचार्य के आशीर्वाद लेते हुए

माननीय सरकार्यवाहजी का प्रवास

वर्ष 2021-22 में 19 प्रान्तों में प्रवास हुआ। सभी प्रान्तों में संगठनात्मक बैठकें हुईं। कार्यकर्ताओं की उपस्थिति का प्रमाण औसतन 85% रहा। कुछ प्रान्तों में संघ परिचय वर्ग हुए। मध्यभारत, हरियाणा, गुजरात, उत्तर बिहार, दिल्ली, कानपुर, जयपुर, तेलंगाना, कर्नाटक दक्षिण, उत्तर असम आदि प्रान्तों में स्वयंसेवक एकत्रीकरण हुए। कर्णाटक दक्षिण (मंगलूरु) में गुणवत्तापूर्ण पथसंचलन के कार्यक्रम हुए। अनेक स्थानों पर पूर्ण गणवेश में कार्यकर्ताओं का अच्छी संख्या में एकत्रीकरण भी हुए।

- 5 प्रान्तों में कुटुम्ब स्नेह मिलन, 4 प्रान्तों में प्रबुद्ध जन संवाद तथा प्रशासनिक सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ संवाद के कार्यक्रम भी हुए।
- 27 जून 2021 को बौद्धिक विभाग के द्वारा ऑनलाइन बौद्धिक वर्ग में उद्बोधन हुआ।
- महाकौशल प्रान्त में सेवा विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया था।
- कर्नाटक दक्षिण प्रान्त में शैक्षणिक संस्था प्रधानों के साथ "नई शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा में नवाचार" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया था।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् कार्यालय में झंडावंदन किया।
- भोपाल में "मातृभाषा मंच" के तत्वावधान में विविध प्रान्तों के भाषा-भाषियों के साथ संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।
- मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड एवं चाय बागान क्षेत्र की विविध मुद्दों पर चर्चा हेतु चिंतन बैठकें आयोजित की गई थी।
- गुवाहाटी की अम्बेडकर बस्ती में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जी की नवनिर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।
- कोलकाता पोर्ट से 1873 से 20 वीं शताब्दी तक भारत से सूरीनाम आदि अनेक देशों में गिरमिटिया मजदूर के रूप में गए भारतीयों की स्मृति में बने माई बाप स्मारक पर पुष्पार्चन किया।

गुरु तेग बहादुरजी के ४००वे प्रकाश वर्ष पर
दिल्ली के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में

भारत रत्न डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

कार्य विभागों के बढते चरण

शारीरिक शिक्षण विभाग

प्रति 5 वर्ष में होने वाला अ. भा. शारीरिक वर्ग 17 - 22 अक्तूबर 2021 को अयोध्या में संपन्न हुआ। सभी प्रान्तों से कुल 10 शारीरिक विषयों के कार्यकर्ता अपेक्षित थे। 452 कार्यकर्ता सहभागी हुए। 50 नए खेल, सामूहिक समता के 20 नए प्रयोग तथा अनीकिनी समता का 1 नया प्रयोग हुआ।

इस वर्ष प्रहार महायज्ञ में कुल 36,063 शाखा, 4938 साप्ताहिक मिलन से 4,76,375 स्वयंसेवकों ने 24,87,13,509 प्रहार लगाए।

बौद्धिक शिक्षण विभाग

बौद्धिक विभाग की अ. भा. बैठक 28 - 29 अगस्त 2021 को जयपुर में संपन्न हुई। अ. भा. टोली तथा क्षेत्र के बौद्धिक प्रमुख उपस्थित थे। 9 कार्यकर्ताओं को मिलाकर प्रान्तश: प्रवास हुआ। दिल्ली में प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने की कार्यशाला हुई, जिसमें 39 प्रान्तों के 53 कार्यकर्ता थे। मुम्बई में संपन्न दृक श्राव्य कार्यशाला में 33 प्रान्तों से 55 कार्यकर्ता सहभागी हुए। इस वर्ष प्रत्यक्ष तथा आभासी माध्यम - दोनों प्रकार से हुए प्रबोधनात्मक कार्यक्रम में 24,667 स्थानों से 6,67,705 कार्यकर्ता, प्रशिक्षणात्मक कार्यक्रमों में 11,373 स्थानों से 1,50,716 कार्यकर्ता, प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम में 5862 स्थानों से 1,38,696 कार्यकर्ता तथा स्वाधीनता अमृत महोत्सव कार्यक्रमों में 12,261 स्थानों से 7,94,348 कार्यकर्ता सहभागी हुए। विभिन्न प्रान्तों में संचलन गीत स्पर्धा, दीर्घ कहानी निवेदन, समाचार समीक्षा इन विषयों के कार्यक्रम संपन्न हुए।

सेवा विभाग

नगरों की 10,704 व्यवसायी शाखाओं में सेवा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति हो गयी है। 9,953 सेवा बस्तियों का शाखाओं ने सर्वांगीण विकास करने का निर्णय लिया है। इस वर्ष नगरों की व्यवसायी शाखा कार्यकर्ताओं के बीच शाखा द्वारा सेवा कार्य की संकल्पना रखी गयी।

इस वर्ष 29 प्रान्तों में शाखाओं ने सेवा सप्ताह मनाया जिसमें विविध सेवा उपक्रम किये गए।

इसके अतिरिक्त पूरे वर्ष में किये गए सेवा उपक्रमों की संख्या 28,866 है।

3 वर्ष पूर्व प्रारम्भ सेवागाथा अब 6 भाषाओं - हिंदी, मराठी, कन्नड़, गुजराती, तेलुगु व अंग्रेजी में एप व वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कुल नियमित सेवा कार्य की संख्या मातृसंगठन + सेवा भारती की संख्या 19,927 + 41,955 = 61,882 है।

कोविड तीसरी लहर हेतु पूर्व तैयारी की गयी। पूर्व सावधानी, समाज जागरण तथा ग्राम आरोग्य कार्यकर्ता (महिला, पुरुष) प्रशिक्षण में सहभागी हुए। निरामय किट वितरण अनेक स्थानों पर हुआ।

2021- 2022 में कोविड की तृतीय लहर की तीव्रता के समय ब्लड बँक एवं चिकित्सालयों में रक्त की निरन्तर उपलब्धता निश्चित की गई और अनेक स्थानों पर रक्त उपलब्ध कराया गया।

घुमन्तु लोगों के बीच सेवा कार्य

सम्पर्क विभाग

इस वर्ष क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख तथा अ. भा. टोली की 5 बैठकें संपन्न हुई। 36 प्रान्तों में विभाग प्रशिक्षण वर्ग हुए। महिला कार्यकर्ताओं का सहभाग 41 प्रान्तों की सम्पर्क टोली में है।

विभिन्न प्रान्तों में सम्पर्क सूची के चयनित लोगों के लिए 54 से अधिक चर्चा-विमर्श कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसमें पूर्व न्यायाधीश, प्रशासकीय अधिकारी, वरिष्ठ सेना अधिकारी सम्मिलित थे।

कोरोना काल में सम्पर्क विभाग के कार्यकर्ताओं ने पुणे महानगर में Pune Platform for Covid Response द्वारा कार्य किया। पू. सरसंघचालक जी ने PPCR के कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। दिल्ली प्रान्त ने Positivity Unlimited के माध्यम से देश के 13 विद्वजनों के सन्देश प्रसारित किये। Covid Response Team में 71 पूर्व राजदूत सहित अनेक गणमान्य सज्जन सेवाकार्य से जुड़े।

कोरोना काल में संघ ने किये सेवाकार्य की जानकारी एकत्रित कर 'वयम् राष्ट्रांग भूता' शीर्षक की एक कॉफी टेबल बुक बनाई गयी। इसे सभी प्रान्तों के 4,179 महानुभावों को मिलकर भेंट किया गया।

श्री राम मंदिर निधि समर्पण अभियान में भी अ. भा. सूची के अधिकतम महानुभावों का सहभाग रहा।

प. बंगाल में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा की सही जानकारी देने हेतु देश के 44 प्रान्तों में 163 कार्यक्रम हुए। 18,725 महानुभाव सहभागी हुए। महामहिम राष्ट्रपति से लेकर विभिन्न राज्यों के माननीय राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया। इसमें देशभर से 4,027 कार्यकर्ता जुड़े।

सम्पर्क विभाग की विविध श्रेणी के दीपावली मिलन सभी क्षेत्रों में संपन्न हुए। पश्चिम क्षेत्र के कार्यक्रम में मा. सरकार्यवाहजी का उद्बोधन हुआ।

प. पू. सरसंघचालकजी का मार्गदर्शन सम्पर्क विभाग की रचनानुसार 11 स्थानों पर प्राप्त हुआ।

प्रचार विभाग

प. पू. सरसंघचालकजी का प्रवास दिल्ली और भाग्यनगर में सम्पन्न हुआ। दिल्ली में एक बैठक प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थाओं के प्रमुखों के साथ 8 सितंबर 2021 को सम्पन्न हुई जिसमें 12 प्रकाशन संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित हुए। 8 सितंबर को ही दूसरी बैठक में फिल्म प्रशिक्षण संस्थानों के कुलपति और निदेशक आमंत्रित किये गये थे। 11 संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 18 अक्तूबर, 2021 को तीसरी बैठक में देशभर के चयनित मीडिया प्रशिक्षण संस्थानों के कुलपति, निदेशक व विभागाध्यक्ष आमंत्रित किए गए थे। इस बैठक में 32 संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर सार्थक चर्चा में भाग लिया।

भाग्यनगर में 18 जनवरी 2022 को प्रमुख मीडिया संस्थाओं (प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक) के सम्पादकों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें 16 सम्पादक उपस्थित हुए। एक अन्य बैठक में तेलुगू फिल्म उद्योग जगत के निर्माता, दिग्दर्शक आमन्त्रित किये गये थे, जिसमें 39 उपस्थिति रही।

इस वर्ष प्रचार विभाग के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की योजना बनी थी, जिसके अंतर्गत अगस्त - अक्तूबर 2021 में पाँच आयामों (सामग्री निर्माण, सोशल मीडिया, कार्यालय, मीडिया संवाद और स्तम्भ लेखक) की प्रान्त टोलियों की क्षेत्रश: एक दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 827 कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया।

17 सितम्बर, 2021 को दिल्ली में फिल्म आयाम के प्रान्त स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें 29 प्रान्तों के 76 कार्यकर्ता उपस्थित हुए। साथ ही प्रान्तों में ऑनलाइन तथा प्रत्यक्ष पद्धति से नारद जयंती मनाई गई। दिल्ली एवं नोएडा में दीपावली पत्रकार मिलन सम्पन्न हुए।

प्रभावी होती गतिविधियाँ

धर्मजागरण समन्वय

इस वर्ष देशभर में 7 प्रान्तों में 45 मत, पंथ सम्प्रदायों के 1,079 संतों ने अभ्यास वर्ग या यात्राओं में सहभाग दिया। मा. भय्याजी जोशी की उपस्थिति में कर्णावती में देश और प्रान्त में प्रतिष्ठित 30 संतों की बैठक हुई। सौराष्ट्र प्रान्त में अनुसूचित जाति में काम करने वाले 27 परम्परा के 332 संतों की बैठक स्वामीनारायण सम्प्रदाय के सारंगपुर स्थित मंदिर में हुई। इस कार्यक्रम में महंत शंभूनाथ महाराज के साथ अन्य 10 प्रमुख संतों का समरसता और मतांतर के बारे में मार्गदर्शन हुआ।

पश्चिम महाराष्ट्र प्रान्त में संवेदनशील विस्तार में इस वर्ष 90 संतों ने 584 गावों और 111 बस्ती में 5,133 परिवारों में सम्पर्क करके दीप प्रज्वलित किया, 41,064 व्यक्तियों ने रुद्राक्ष धारण किये। 1,188 कार्यकर्ता सक्रिय हुए।

इस वर्ष गुजरात के 10 जिलों के 262 कार्यकर्ता 4 दिन के लिए वनवासी क्षेत्र में विस्तारक गए। 2 लाख लॉकेट बांधे और 8,000 से ज्यादा परिवारों से सम्पर्क हुआ। कार्यकर्ताओं को समस्या की अनुभूति हो और मतांतर रोकना यह कार्यक्रम का उद्देश्य था।

इस वर्ष धर्मजागरण गतिविधि में काम करनेवाले पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं का 3 दिन का अभ्यासवर्ग क्षेत्रश: या भाषाश: आयोजित किया था। देशभर में 461 पुरुष और 31 महिला कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया।

गौसेवा

गाँव स्तर से लेकर प्रान्त स्तर तक कुल 30,525 कार्यकर्ता सक्रिय हैं, जिसमें गांव स्तर के 13,479 कार्यकर्ता हैं। वर्ष 2021 - 22 में कुल 510 प्रशिक्षण वर्गों में 14,978 कार्यकर्ता सहभागी हुए। देश में 9,129 परिवार 29,749 एकड़ भूमि पर गो आधारित कृषि करते हैं, 9,281 परिवारों में गोबर गैस प्लांट चलते हैं तथा 68,693 परिवारों में 1,98,927 देसी गाय का पालन होता है। गो-उत्पाद निर्माण तथा विक्रय में कुल 1,337 कार्यकर्ता सक्रिय हैं। इस वर्ष गणेश पूजा के अवसर पर गोमय से 1,88,873 गणेश मूर्ति बनाई गई तथा दीपावली में 34,69,230 गोमय दीपक बनाए गए। गोपाष्टमी पर 996 स्थानों पर 15,836 कार्यक्रमों में 2,35,483 उपस्थिति रही। गोविज्ञान परीक्षा में 47 स्थानों से 56,326 परीक्षार्थी सहभागी हुए। गो-कथा का आयोजन 153 स्थानों पर हुआ, जिसमें 49,786 उपस्थिति रही।

ग्राम विकास

कार्य विस्तार : सामान्यतया सभी खंडों में ग्राम की निश्चिति होकर कार्य हो रहा है। 350 - प्रभात गाँव एवं 1,360 - उदय गाँव है। सघन कार्य रुपाखेड़ी - अंता, सांगोद - खंडों में, आदिलाबाद - पुत्तुर दोनों जिलों के सभी गाँव तक कार्य हो रहा है। 5,000 से अधिक ग्राम तक कार्य की व्याप्ति है। संकुल योजना - 15 संकुल में 310 ग्रामों में स्वावलंबन आदि के उपक्रम चल रहे हैं। पतरातू - 400 से अधिक बहनें सिलाई प्रशिक्षण लेकर कारोबार कर रही हैं। निरामय नागपुर - 45 गाँवो में 400 बहनों का प्रशिक्षण हुआ है। कुकमा भुज - 9 ग्रामों में लगभग 1,000 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक गौ आधारित पद्धति से हो रही है। रुपा खेड़ी ग्राम में संकुल कार्यशाला 25 से 27 नवंबर को संपन्न हुई। 12 संकुलों से 63 कार्यकर्ता सहभागी रहे।

संस्था कार्य - कर्नाटक दक्षिण में **लोकसेवा प्रतिष्ठान** द्वारा लगभग 800 ग्रामों में कार्य चल रहा है। **गंगा सेवा, दिल्ली** - 9 राज्यों के 22 ग्रामों में 37 स्वावलंबन केंद्र हैं। उत्तरांचल प्रान्त के उत्थान परिषद द्वारा 650 ग्रामों में प्रवासी पंचायत आदि उपक्रम चल रहे हैं।

अक्षय कृषि परिवार - 'भूमि सुपोषण अभियान' में कनेरी मठ, गायत्री परिवार, पतंजलि, रामचंद्र मिशन, रामकृष्ण मिशन, इस्कॉन आदि एवं विचार परिवार के संगठनों के साथ वर्ष प्रतिपदा से देवोत्थान एकादशी तक 18,694 स्थानों में 5,41,968 कृषक बंधु भगिनी सहभागी हुए हैं। केरल में ही 786 मंडलों में 9,747 कार्यक्रम हुए हैं। कर्णावती में 21-22 नवंबर को संपन्न, संकलन समारोह में 25 प्रान्त एवं 9 संस्थाओं से 89 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही प्राकृतिक कृषि करने वाले लगभग 500 कृषकों की सहभागिता रही।

कुटुम्ब प्रबोधन

भारत के सभी 45 प्रान्तों में संयोजक नियुक्त हुए हैं। भौगोलिक 11 क्षेत्रों के गट प्रमुखों की बैठक 4-5 दिसंबर, 2021 को उज्जैन में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मा. श्री भय्याजी जोशी ने परिवार के माध्यम से लोककल्याण इस भाव को जन जन तक पहुँचाने तथा अपना घर - तनावमुक्त - विवादमुक्त - दबावमुक्त - संवादयुक्त - आनंदयुक्त बनें इसलिए - आलस्य - गलत सामाजिक मान्यताएँ - भय - स्वार्थ - अहंकार के त्याग की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निमित्त "यम -नियम" पर चर्चा का आयोजन हुआ। विविध प्रान्तों में गुरु तेग बहादुर जी का 400वें प्रकाशवर्ष के पावन अवसर पर जीवनचरित्र की जानकारी दी गई। उत्तर कर्नाटक प्रान्त का सपरिवार अभ्यास वर्ग बीदर में सम्पन्न हुआ। अपने पड़ोस के परिवारजनों को कुटुंब प्रबोधन गतिविधि से जोड़ने हेतु "कुटुंब मित्रों" की संख्या बढ़ाने के प्रयास सभी प्रान्तों में प्रारंभ हुए हैं।

कोरोना काल में विविध जिलों एवं प्रान्त संयोजकों द्वारा नये खेलों का सृजन तथा घर एक विद्यालय, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, स्वदेशी, भारतीय जीवनमूल्यों का महत्त्व, समरसता, आहार और आरोग्य आदि विषयों पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन हुआ। कुछ स्थानों पर समुपदेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वाधीनता के अमृतमहोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में "आदर्श नागरिक में अपेक्षित गुण" विषय पर चर्चा की गई। जोधपुर प्रान्त ने 75 वर्ष से अधिक वरिष्ठजनों के सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किये गये। काशी प्रान्त में 25 दिसंबर, 2021 को 'मातृशक्ति कुंभ' में 10,000 माताओं ने भाग लिया।

सामाजिक समरसता

1) व्यवसायी शाखा - तेलंगाणा प्रान्त की 30 व्यवसायी शाखाओं में प. पू. सरसंघचालकजी के व्याख्यान की पुस्तिका का वाचन एवं उस पर चर्चा आयोजित की गई। **2) महिला** - मेरठ प्रान्त में 9 महिला सम्मेलनों में 771 उपस्थिति रही। समरसता लाने में महिलाओं की भूमिका इस विषय पर प्रस्तुति एवं चर्चा हुई। **3) महापुरुष जयंती** - अवध प्रान्त में सभी 174 खंडों में समाज के साथ महर्षि वाल्मीकिजी की जयंती मनाई गयी। कुल 31,881 उपस्थिति रही। कार्यक्रमों में सफाई कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशेष गुणवत्ताधारकों का सम्मान किया गया। दिल्ली प्रान्त में संत रविदास जयंती के 68 कार्यक्रम संपन्न हुए। **4) परिवार सम्मेलन** - तेलंगाणा प्रान्त में 28 जिलों में परिवार सम्मेलन संपन्न हुए। 2,500 उपस्थिति रही। अपने परिवार को समरस परिवार बनाने की दृष्टि से प्रयासों की चर्चा हुई। **5) विश्वविद्यालयीन कार्य** - उत्तर कर्नाटक प्रान्त में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकरजी के 130 वें जन्मदिन के अवसर पर 11 विश्वविद्यालयों में गोष्ठियों का आयोजन हुआ। कुल 1,285 छात्र एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। **6) संत सहभाग** - समाज में समरसता का संदेश देने की दृष्टि से "सांझीवालता यात्रा" (मीरा चली सद्गुरु के धाम) का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व विविध मत, पंथ, संप्रदायों के 200 साधु-संतों द्वारा किया गया। यात्रा श्रेष्ठ कृष्णभक्त मीराबाई के जन्मस्थान मेड़ता, राजस्थान से गुरु नानक देव प्रकाश उत्सव के दिन प्रारंभ हुई। 11 दिन चली यह यात्रा सतगुरु रविदासजी के तपस्या स्थान देहरा चकहकीम, फगवाडा, पंजाब में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान 50 सभाएँ, 250 स्वागत कार्यक्रम हुए। इन में 35,000 नागरिक सम्मिलित हुए। **7) प्रबोधन** - कोकण प्रान्त में 21 से 28 नवम्बर 2021 तक संविधान सप्ताह मनाया गया। 558 कार्यक्रमों में 8,918 नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थितों को संविधान की प्रस्ताविका की प्रति भेंट की गयी। **8) समाज सम्पर्क** - पाकिस्तान से विस्थापित महेश पंथ इस अनुसूचित समाज का अभी कच्छ में वास्तव्य है। वे मातंग देव के भक्त हैं। माघ मास में वे कठोर व्रत रखते हैं। ऐसे 500 व्रतधारी साधकों का 40 जगह सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। **9) समाजनेता** - भाग्यनगर में समता मूर्ति रामानुजाचार्यजी के 216 फिट ऊंची मूर्ती के लोकार्पण के कार्यक्रम के दौरान पू. चिन्न जियर स्वामी जी के आश्रम में सामाजिक नेता सम्मलेन संपन्न हुआ। 19 प्रान्तों से 173 नेता उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण

देशभर में कुल 44 प्रान्तों में प्रान्त संयोजक नियुक्त हैं तथा 667 ज़िले और 177 नगर केन्द्रों पर कार्य प्रारम्भ हुआ है।

प्रान्त अभ्यास वर्गों में 36 प्रान्तों के 564 जिलों से 1,380 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया है।

विशेष कार्यक्रमों के अंतर्गत - जनवरी 2022 में राष्ट्रीय पर्यावरण स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे देश से कक्षा 1 से 12 वीं तक के 55,062 स्कूलों के 8,46,443 विद्यार्थी सहभागी हुए। कक्षा 1 के 62 हज़ार बच्चों का उल्लेखनीय सहभाग रहा।

155 विश्वविद्यालय के 50,000 छात्रों में से राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद के लिए विभिन्न स्तरों पर चयन प्रक्रिया के द्वारा 150 विद्यार्थियों को मनोनीत किया गया।

हिन्दू आध्यात्मिक सेवा फ़ाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा प्रकृति वंदन के कार्यक्रम में समाज के 4 लाख परिवारों से 53 लाख से अधिक लोगों ने प्रकृति-पूजन किया।

"Eco Mitram" app पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा तैयार की गई है जो अभी तक 7,61,742 लोगों ने डाऊनलोड की है।

अनुकरणीय उदाहरण

1. इको ब्रिक्स अभियान: गुजरात और उत्तराखंड में इको ब्रिक्स से पार्क बनाया गया। अरुणाचल प्रदेश में इको ब्रिक्स से बैठने का स्टैंड बनाया गया। मालवा प्रान्त ने इंदौर में 50,000 इको ब्रिक्स से CDS जनरल बिपिन रावतजी की प्रतिकृति बनाई।
2. जल पर जनजागरण चलाया जा रहा है। लोगों में जल के प्रति जागरुकता अभियान के कारण उत्तराखंड, मेरठ, अवध, झारखंड, महाकोशल, छत्तीसगढ़ आदि प्रान्तों में नदी, तालाब, कुओं की आरती, पूजन प्रारंभ हुआ है, स्थानीय लोग जल-संरक्षण पर काम करने लगे हैं। दिल्ली के पुराने जलस्रोतों को ठीक करने का अभियान चल रहा है। अब तक 124 जलस्रोतों को साफ किया जा चुका है।
3. 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जोधपुर प्रान्त द्वारा पारिवारिक पर्यावरण उत्सव मनाया गया। एक ही दिन में 3,306 गांवों, नगरों एवं बस्तियों में 80,282 परिवारों द्वारा 5,817 पीपल तथा वट के पौधे तथा 86,534 अन्य पौधे रोपे गए। कुल 92,351 पौधों का समाज के सभी वर्गों के बंधुओं ने अपने घरों में रोपण किया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर भी वृक्षारोपण किया गया। लगभग 3,25,000 महानुभावों ने पर्यावरण रक्षण तथा हरितघर अर्थात् (पेड़ लगाना, पानी बचाना, ऊर्जा बचाना, जंतु संरक्षण तथा पॉलिथिन का उपयोग नहीं करने) की शपथ ली।

इको ब्रिक्स से बनाई गई जनरल बिपिन रावत की कलाकृति

प्रान्तों के विशेष कार्यक्रम

कर्नाटक दक्षिण

जनवरी 2022 को पू. सरसंघचालकजी की उपस्थिति में बंगलुरु महानगर के स्वयंसेवकों ने घोष का सर्वांगसुंदर प्रात्यक्षिक प्रस्तुत किया जिसे देखने के लिए ख्यातनाम संगीतकार, कलाकार तथा सेना के निवृत्त सज्जन आमंत्रित थे। 130 स्वयंसेवकों ने 89 मिनिट चले अविरत वादन में 53 रचनाओं का वादन किया जिसमें 5 नवीन रचनाएँ थी। मधुरिका दल द्वारा आखों पर पट्टी बांधकर वादन करते हुए अलग अलग व्यूहरचना बनाना इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण था। महानगर के सभी जिलों का प्रतिनिधित्व रहा और सभी वादकों ने अपना वाद्य स्वयं खरीदा।

For Video ⇧

कर्नाटक उत्तर

1. प्रान्त में प. पू. सरसंघचालकजी के कलबुर्गी प्रवास के चलते कार्यविस्तार हेतु शाखा स्तर पर गृहसम्पर्क, उपस्थिति दिन, मण्डल स्तर पर एकत्रीकरण, तहसीलश: विस्तृत बैठकें, कार्यकर्ता प्रशिक्षण आदि उपक्रम किये गये। परिणामस्वरूप शाखाओं की संख्या में वृद्धि हुई। कुल 300 कार्यकर्ता प्रवास में सक्रिय रहे।
2. बेल्लारि जिले के हुच्चीरॅश्वर विद्यार्थी शाखा द्वारा क्रिडोत्सव, वार्षिकोत्सव के आयोजन के अलावा दैनिक शाखा में श्लोक पाठांतर अभ्यास, मकर संक्रमण के अवसर पर गाँव के 1,022 घरों में तिल गुड वितरण, सीड बॉल, देवालय स्वच्छता, अभ्यासिका, पालक संवाद जैसे उपक्रम चलाये जाते हैं। वैसे ही प्रतिदिन शाखा के 8 स्वयंसेवक 6 घरों में सम्पर्क करते है तथा उनका भोजन भी उन्हीं घरों में होता हैं। इस वर्ष शाखा के प्रयासों के कारण 522 घरों में भारत माता पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। 2,800 पुरुष, 1,500 मातृशक्ति तथा 1,200 शिशुओं का सहभाग रहा।

तेलंगाना

माननीय सरकार्यवाह जी के प्रवास क्रम में नक्सल प्रभावित नलगोंडा जिले में कार्यविस्तार हेतु 12 दिसंबर 2021 को "हिन्दू शक्ति संगम" आयोजित किया गया। 352 स्थान से 3,959 गणवेषधारी स्वयंसेवक तथा 1,928 नागरिक सज्जन उपस्थित रहें। पथसंचलन, व्यायाम योग, सांघिक गीत आदि कार्यक्रमों का प्रदर्शन हुआ। विशेषकर अनेक वामपंथी प्रभावी गावों के परिवारों में से भी नए स्वयंसेवक बने व कार्यक्रम में सहभागी हुए। अनुवर्तन के प्रयासों के कारण अब तक 21 मिलन तथा 56 मंडली प्रारंभ हुई है।

आन्ध्र प्रदेश

गोदावरी संगम - राजमहेंद्रवरम और भीमावरम विभाग का गणवेश में सांघिक 26 दिसंबर 2021 को संपन्न हुआ। सभी मंडल, सभी बस्ती से प्रतिनिधित्व हो इसके लिए अधिकारी प्रवास की योजना रही। गटनायक बैठकों का आयोजन हुआ। सभी 146 बस्ती से और 286 मंडलों से 278 प्रतिनिधित्व रहा। कुल 12,736 स्वयंसेवक उपस्थित रहे जिसमें संघ से जुड़े 8,000 स्वयंसेवक नए थे। अनुवर्तन प्रयास में 26 जनवरी को सभी खंड केंद्र और अनेक मंडल केन्द्रों पर भी संचलन का आयोजन हुआ।

देवगिरी

1. 10 नवंबर 2021 को प. पू. सरसंघचालकजी के प्रवास दरम्यान हिंगोली जिले में स्थित संत नामदेवजी के जन्मग्राम नरसी नामदेव में जन्मस्थान का दर्शन और वहाँ स्थापित गुरुद्वारे में माथा टेकना तथा स्थानीय नागरिक, संत, सज्जन वृंद से संवाद व उद्बोधन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

देवगिरी प्रान्त: नरसी नामदेव में पू. सरसंघचालकजी

2. प्रान्त में बालकार्य विस्तार एवं दृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत 15 दिसंबर 2021 से 15 जनवरी 2022 इस अवधि में तहसिलश: / नगरश: बालों के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की पूर्वतैयारी हेतु शाखा व साप्ताहिक मिलनों की बैठकें तथा 1,971 गावों मे सम्पर्क आदि प्रयास किए गए। इस योजना मे 1,802 कार्यकर्ताओं का सहभाग रहा।
3. प्रान्त में प्रचार विभाग के अंतर्गत भारतीय चित्र साधना का कार्य मार्च 2021 में प्रारंभ हुआ। अभिनेता, निर्देशक, लेखक, तंत्रज्ञ, कैमरामैन आदि की सूची बनाकर उनसे सम्पर्क किया गया तथा पटकथा लेखन प्रतियोगिता व कार्यशाला, चित्र साधना परिचय वर्ग व कार्यशाला आदि उपक्रम किये गये। 15 व 16 जनवरी, 2022 को शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों पर पोस्टर विमोचन तथा फिल्म जगत में भारतीय संस्कृति का प्रभाव बने और बढ़े इस दृष्टि से सत्रों का आयोजन व भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों से संबंधित कुल 48 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। 25 मान्यवर, 75 फिल्मकर्ता सहित 1,500 चित्रसाधक उपस्थित रहे। भारतीय चित्र साधना के राष्ट्रीय सह सचिव श्री आकाशादित्य लामा, सुप्रसिद्ध अभिनेता, निर्देशक, लेखक प्रा. योगेशजी सोमण, चित्रसाधना के पालक डॉ. जयंतजी शेवतेकर इनकी विशेष उपस्थिति रही।

सौराष्ट्र

1. प्रान्त के जूनागढ़ जिले में स्वाधीनता अमृत पर्व निमित्त स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देनेवाले राष्ट्रवीरों को 'राष्ट्रीय युवा दिन' के सुअवसर पर 12 जनवरी 2022 को प्रात: 11:00 बजे 2,500 से अधिक स्थानों पर 'पूर्ण वन्देमातरम सामूहिक गान' से अंजलि देने का कार्यक्रम "वीरांजलि" सम्पन्न हुआ। स्वयंसेवक, विविध क्षेत्र कार्यकर्ता, स्कूल, महाविद्यालय, व्यापारी, अस्पताल, धार्मिक व सामाजिक संस्था, सोसायटी, परिवार, अन्य नागरिक सज्जन मिलाकर कुल 2.5 लाख से अधिक बंधु-भगिनी नें सामूहिक वन्देमातरम गान किया। दो एफ. एम. रेडियो और स्थानिक 5 चॅनलों ने प्रात: 11:00 बजे वन्देमातरम गान प्रसारित किया। कार्यक्रम के निमित्त सफाई कर्मचारी से साधु संतों तक सबको जोड़ने में सफलता मिली।
2. 15 दिसम्बर, 2021 से 30 जनवरी, 2022 के दौरान 'सतत 7 दिन शाखा' अभियान सम्पन्न हुआ। 87 तहसिल के 321 मण्डल, 57 नगर की 420 बस्ती में 1,746 प्रवासी कार्यकर्ताओं के प्रयास से 1,152 नई शाखाएँ चलाई गईं।

मालवा

1. जिला स्तर पर प्रत्येक गतिविधि तथा कार्यविभाग के सम्मेलन की योजना के अनुसार, 28 जिलों में कुल 284 "कार्यविभाग गतिविधि सम्मेलन" हुए। 10,604 कार्यकर्ता उपस्थित रहे । सभी कार्यविभागों की टोलियों की पूर्णता व कार्यकर्ताओं में कार्य की स्पष्टता की दृष्टि से यह अभिनव प्रयोग अत्यंत उपयोगी रहा।
2. इंदौर विभाग में दिनांक 26 दिसंबर 2021 को 6 स्थानों पर "जिलाश: शाखा संगम" आयोजित हुए, जिनमें 2,078 तरुण, 2,822 बाल व 741 शिशु स्वयंसेवक सहभागी हुए। कुल 2,150 नागरिक सज्जन कार्यक्रम में उपस्थित थे। ऐसे विभिन्न प्रयासों के कारण संयुक्त विद्यार्थी शाखा की संख्या 53 से बढ़कर 196 हो गई है।

मध्य भारत

1. प्रान्त के घोषवादकों का शिविर "स्वर साधक संगम" 25 नवंबर से 28 नवंबर 2021 तक ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। 64 स्थानों से, जिन्हें 5 से अधिक रचनाओं की जानकारी है ऐसे 465 घोषवादक सहभागी हुए। शिविर में प. पू. सरसंघचालकजी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समापन कार्यक्रम में प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खाँ साहब एवं कई प्रसिद्ध हस्तियाँ उपस्थित थीं। अभी 72 स्थानों पर घोष केंद्र प्रारंभ हुए हैं। शिविर स्थान पर पुराने वाद्यों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी, जिसे 4 दिन में लगभग 15,000 से अधिक नागरिकों ने निहारा।
2. मण्डल / बस्ती सशक्तिकरण योजना के क्रम में मण्डल एवं बस्ती स्तर पर टोलियों का गठन व संचलन कार्यक्रम, मण्डल मासिक एकत्रीकरण एवं 1 दिवसीय मंडलश: शिविरों का आयोजन किया गया। मंडलश: शिविरों में 22,041 तथा संचलनों में 30,394 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

3. प्रान्त में अखिल भारतीय अधिकारी प्रवास के क्रम में, विभागश: मुख्य मार्ग कार्य, पूर्ण मण्डल / पूर्ण बस्ती एवं शाखा सामाजिक अध्ययन की योजना बनाकर कार्यविस्तार को गति देने हेतु प्रवास योजना बनाई गई तथा सभी जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ है। वैसे ही प्रान्त में 148 शाखाओं ने शाखा क्षेत्र का सामाजिक अध्ययन कर चुनौतियों के समाधान हेतु समाज का सहयोग लेकर कार्य प्रारंभ किया है।

महाकोशल

1. सागर नगर में अगस्त 2021 के दरम्यान मा. सरकार्यवाहजी के प्रवास अंतर्गत 18 अगस्त को नगर का कुटुंब एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गटनायक एवं तदूर्ध्व कार्यकर्ताओं के परिवार इस कार्यक्रम में अपेक्षित थे। नगर के सभी 45 बस्तियों से 332 परिवारों के 815 परिवारजन एकत्रीकरण में सम्मिलित रहे। परिणामस्वरुप बस्तियों की गटव्यवस्था ठीक होना, कार्यकर्ता के परिवार में समरसता का भाव, पर्यावरण के प्रति जागरुकता, साप्ताहिक 'कुटुंब मंगल संवाद' का प्रारंभ होना, आदि परिणाम देखे गये। नगर में 3 शाखा व 2 मिलन की वृद्धि हुई।
2. 321 शाखाओं में वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुए। गुणवत्ता संचलन में चयनित 2,431 स्वयंसेवक सहभागी हुए। जिला स्तर पर आयोजित शिविरों में 4,108 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।
3. स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना काल में किये गए सेवाकार्यों को संकलित कर एक पुस्तिका "सेवा भागीरथी" का मा. सरकार्यवाहजी द्वारा विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भैसा गुरुद्वारा मुख्य ग्रन्थी श्री ज्ञानी रणजीत सिंह और विशेष अतिथि संजीवनी बाल आश्रम की संचालिका श्रीमती प्रतिभा अरजरिया थी। 750 प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। पुस्तिका को प्रान्त के प्रबुद्ध नागरिकों तक पहुँचाया गया।

छत्तीसगढ़

1. "संकल्प शंखनाद" के तहत कार्यविस्तार और दृढ़ीकरण हेतु 25 दिसम्बर 2021 को, जिला केंद्र कोरबा में गणवेषधारी स्वयंसेवकों का पथ संचलन सम्पन्न हुआ। जिले से कुल 2,447 स्वयंसेवकों का सहभाग रहा।
2. नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती और स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मुंगेली जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 22 महिलाओं सहित 136 लोगों ने रक्तदान किया।

कुटुंब एकत्रीकरण में संबोधित करते हुए मा. सरकार्यवाहजी. महाकोशल.

घोष शिविर, छत्तीसगढ़

3. रायपुर महानगर और बिलासपुर नगर के घोषवादकों द्वारा 16 नवंबर से 19 नवंबर 2021 तक घोष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 15 वर्ष से 51 वर्ष तक की आयु के कुल 98 वादक सहभागी रहें। शिविर के समापन कार्यक्रम में 43 रचनाओं का 65 मिनट तक निरंतर वादन हुआ। समापन कार्यक्रम में 119 ग्रामों से लगभग 10,000 नागरिक सज्जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर प. पू. सरसंघचालकजी का उद्‌बोधन हुआ।

चित्तौड़

1. कोरोना के संकट काल में तीन दिवसीय 'पंचयज्ञ से परम वैभव' परिवार ई शिविर का आयोजन किया गया। 3,983 स्थानों और 899 साप्ताहिक मिलन स्थानों के 51,429 परिवारों के लगभग 2.5 लाख परिवारजन सहभागी हुए। विशेष कर 9,113 परिवारों ने पहली बार संघ के कार्यक्रमों में सहभाग लिया। कुल 7,434 कार्यकर्ता सक्रिय रहे। शिविर में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेशजी सोनी तथा अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन संयोजक श्री रविंद्रजी जोशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।
2. प्रान्त में "श्रुतम समूहरचना" के अंतर्गत 1,761 शाखा व 11,111 मिलन के स्वयंसेवकों द्वारा 6,799 ब्रॉडकास्ट समूह बनाकर, जो स्वयंसेवक नहीं हैं ऐसे 13,11,431 संपर्कित बंधु - भगिनी को 1 नवंबर 2021 से प्रतिदिन धर्म, संस्कृति, ज्ञान - विज्ञान एवं संघ संबंधी जानकारी के विषयों पर संदेश भेजे जा रहे हैं। भारत से बाहर 12 देशों में भी संदेश प्रेषित किये जा रहे हैं। समाज जनों में इस विषय की स्वीकार्यता का अनुभव आ रहा हैं।
3. अंशकालिक विस्तारक योजना के अंतर्गत वर्ष 2021 के दिसंबर मास में 1,754 स्थानों की 2,176 शाखा और 264 मिलन से कुल 8,023 विस्तारक भेजे गये। परिणामस्वरुप प्रान्त के सभी ग्रामीण मंडल और नगरीय बस्ती कार्ययुक्त हो चुके हैं। बड़ी आयु के 411 कार्यकर्ताओं को 857 सेवा बस्तियों में विस्तारक भेजा गया जहाँ सेवा सप्ताह के अपेक्षित सभी कार्य सम्पन्न किए गए।

जयपुर

1. स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूर्यरथ सप्तमी पर 75 करोड़ सूर्य नमस्कार के संकल्प अभियान में झोटवाड़ा नगर का लक्षणीय सहभाग रहा। आदर्श विद्या मंदिर झोटवाड़ा में 6 फरवरी प्रातः 7 बजे से 7 फरवरी प्रातः 7 बजे तक 24 घंटे अनवरत सूर्य नमस्कार किये गये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विद्या भारती, क्रीड़ा भारती जैसे विभिन्न संगठनों के साथ सामान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। 480 महिलाओं सहित 2,200 लोगों ने 24 घंटे में कुल 1,22,000 सूर्य नमस्कार किए। 6 स्वयंसेवक ऐसे भी रहे, जिनमें से प्रत्येक ने 1,000 सूर्य नमस्कार किए। एक स्वयंसेवक ने 2,500 और दूसरे ने 2,000 सूर्य नमस्कार अकेले किए।
2. हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक कार्यक्रम "नासै रोग हरे सब पीरा" के माध्यम से कुल 4,710 स्थानों पर 2,39,143 परिवारों का सहभाग हुआ जिसमें 5,56,828 पुरुष व 6,22,857 महिलाओं की सहभागिता रही। इसी क्रम में सात दिवसीय हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव की योजना में 90,316 पुरुष 18,557 मातृशक्ति ने सहभाग लिया और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 7,322 स्थानों से 4,67,446 परिवारों में 11,32,990 पुरुष 6,11,593 मातृशक्ति ने सहभाग लिया। समाज के साथ सघन परिचय व प्रत्यक्ष कार्यक्रमों में व्यवसायी, कर्मचारी, कृषक, श्रमिक वर्ग की सहभागिता के साथ ही उनको प्रत्यक्ष संघकार्य से जोड़ने के लिए बनी प्राथमिक वर्गों की योजना में कुल 1,478 स्थानों व 868 मण्डलों से 5,828 संख्या रही। ऐसे विभिन्न प्रयासों से प्रान्त में 205 नई शाखा/मिलन प्रारंभ हुए

जोधपुर

9 जनवरी 2022 को कार्यविस्तार की योजना के अन्तर्गत 1,336 मण्डलों में से 1,083 मण्डलों में मण्डल केंद्रों पर एकत्रीकरण के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कुल उपस्थिति 28,013 रही। इन एकत्रीकरणों में मकर संक्रांति, अनौपचारिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, ग्राम गौरव सम्मान आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

हरियाणा

1. हांसी जिले की सभी नगरीय शाखाओं ने अपनी वार्षिक योजना बनाई। सभी की साप्ताहिक शाखा टोली बैठक प्रत्येक गुरुवार को होती है और अधिकांश शाखाओं के वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम भी सम्पन्न हो गए हैं।
2. बाल कार्य -
   (क) वीर बाल दिवस - गुरुपुत्रों के बलिदान को स्मरण करते हुए 26 दिसम्बर को घोषित वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रान्त में बाल विद्यार्थियों के शारीरिक प्रतियोगिता प्रधान कार्यक्रम 46 नगरों व 29 खण्डों में सम्पन्न हुए। 4,524 बालों की भागीदारी रही। सिरसा में आयोजित लम्बी दौड प्रतियोगिता कार्यक्रम, यमुनानगर में आयोजित मशाल यात्रा कार्यक्रम उल्लेखनीय रहे। कार्यक्रमों में सिक्ख समाज के बन्धुओं की भी भागीदारी रही। कुछ स्थानों पर कार्यक्रम के बाद गुरुद्वारा दर्शन भी किया गया। सभी कार्यक्रमों में दोनों छोटे गुरु पुत्रों के बलिदान की बड़ी कहानी कही गयी।

   (ख) 21 नवंबर, 2021 को बाल संचलन गीत प्रतियोगिता संपन्न हुई। बाल स्वयंसेवकों को अपने खंड/नगर के एक निश्चित स्थान पर एकत्रित होना था और एक संचलन गीत की तैयारी करके आना था। प्रतियोगिता 155 खंड / नगरों में हुई। 3,578 बाल स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

3. अध्यापक कार्य - बाल कार्य में शालेय अध्यापकों की भूमिका और अधिक बढाने की दृष्टि से प्रान्त में अध्यापक कार्य भी प्रारंभ किया गया है। सभी जिलों में अध्यापक कार्य प्रमुख तय किये। लगभग 700 अध्यापकों की सूची बनी है। शिक्षक दिवस पर अध्यापक सम्मान दिवस के कार्यक्रम हुए जिसमें 550 संख्या रही। जिला की अध्यापक मासिक बैठक कई जिलों में प्रारम्भ हुई है।
4. बौद्धिक विभाग की योजना से आजादी अमृत महोत्सव के संबंध में 16 अगस्त, 2021 को एक ऑनलाइन व्याख्यानमाला प्रारम्भ हुई। प्रान्त स्तर के एक अधिकारी का प्रत्येक जिले में आभासी पद्धति से बौद्धिक हुआ। अगले एक सप्ताह तक प्रत्येक शाखा में बौद्धिक पर चर्चा हुई। बौद्धिक शृंखला में स्वतंत्रता आंदोलन के भिन्न-भिन्न

काल खंडों में स्वाधीनता के प्रयासों पर बौद्धिक हुए। व्याख्यानमाला का समापन 11-12 सितंबर को खंड/नगर एकत्रीकरण से हुआ। इन एकत्रीकरणों में 167 खंड/नगरों में 8,451 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

हिमाचल

काँगड़ा विभाग में 18 दिसंबर 2021 को विजय दिवस के उपलक्ष्य में 'पूर्व सैनिक प्रबोधन' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल 850 पंजीकृत पूर्व सैनिकों में से 562 सहभागी हुए। इस अवसर पर प. पू. सरसंघचालकजी का मार्गदर्शन हुआ। अनुवर्तन प्रयासों के अंतर्गत पूर्वसैनिकों से सम्पर्क कर उन्हें शाखा तथा अन्यान्य कार्यों से जोड़ने का प्रयास जारी है।

उत्तराखंड

10 अक्टूबर, 2021 को, हल्द्वानी नगर के स्वयंसेवक व उनके परिवारों के लिये 'परिवार प्रबोधन कार्यक्रम' आयोजित किया गया था। गटनायकों की रचना तथा सम्पर्क के आधार पर कार्यक्रम में 956 परिवारों से लगभग 2,500 परिवारजन उपस्थित रहे। प. पू. सरसंघचालकजी ने कार्यक्रम में उपस्थित परिवारजनों को संबोधित करते हुए "जीवन में सही आचरण के लिये अनुशासन तथा हमारी परंपराएँ सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिये हमें अपनी भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भ्रमण एवं भवन पर विशेष ध्यान देने" की बात कही। कार्यक्रम के पश्चात् हल्द्वानी नगर में गटनायक व्यवस्था का स्थाई होना, शाखा टोली सक्रिय होना, पाक्षिक पारिवारिक मिलन प्रारंभ होना आदि बातें देखी गईं।

मेरठ

1. महाविद्यालयिन कार्यविस्तार एवं दृढ़ीकरण हेतु सितंबर 2021 में खंड / नगर इकाइयों में 2,360 विद्यार्थी टोलियों का गठन किया गया। नवंबर मास में कुल 37 संघ परिचय कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें 3,790 नये तरुण सहभागी हुए। हापुड़ जिले में 1 दिवसीय युवा सामर्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जनवरी मास में विद्यार्थी टोलियों के प्रशिक्षण हेतु जिला स्तर पर कुल 30 अभ्यासवर्गों का आयोजन किया गया, जिसमें 1,297 विद्यार्थी कार्यकर्ता सहभागी हुए। युवा दिवस के अवसर पर गोष्ठी व खेलकूद प्रतियोगिता के

हिमाचल प्रान्त पूर्व सैनिक प्रबोधन कार्यक्रम

कुल 90 कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें कुल 4,989 विद्यार्थी सहभागी हुए।

2. 7 दिवसीय घोष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में कुल 110 शिक्षार्थी व 15 शिक्षक सहभागी रहे । शंख, वंशी, वेणु, आनक एवं ताल वाद्य का प्रशिक्षण हुआ।
3. 25 दिसंबर 2021 को गौतम बुद्ध नगर जिले में बाल एवं शिशु स्वयंसेवकों का पथसंचलन कार्यक्रम हुआ, जिसमें 110 शिशु, 330 बाल व 40 घोषवादक सहभागी हुए।

ब्रज

मा. सरकार्यवाह जी के प्रवास क्रम में आगरा विभाग के पश्चिम महानगर में घोष विभाग द्वारा 22 दिसम्बर 2021 को 'स्वराज नाद' कार्यक्रम रहा। 65 घोषवादकों ने विभिन्न रचनाओं का वादन किया। मुख्य अतिथि श्री आर. के. सिंह भदौरिया (पूर्व वायुसेना अध्यक्ष), अक्षय पात्र (उत्तर प्रदेश) के प्रबन्धक श्री अनन्त दासजी महाराज एवम् महानगर के 450 दर्शक उपस्थित रहे।

कानपुर

